No. of Printed Pages : 10 **BECE–141**

# BACHELOR OF ARTS (HONOURS) ECONOMICS

## (BAECH)

## Term-End Examination

## June, 2026

## BECE-141 : ECONOMICS OF HEALTH AND EDUCATION

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Answer questions from all the Sections as per instructions.*

## Section—A

**Note :** *Answer any two questions from this Section in about **600** words each.*

2×20=40

1. How is health defined from a 'medical science' perspective ? In what way it differs

from an economics perspective ? Identify the agents involved in health economics.

2. Explain market efficiency ? Is the market for healthcare services imperfect ? Why ? What are the types of differences that exist in the services of the healthcare market ?

3. State the conditions of Hicksian analysis in the context of healthcare services. Which are the major factors that influence the demand for healthcare services ? Why is demand for health care services called as fuzzy demand ?

4. Why is public funding of higher education regarded as essential ? Why is it also argued at the same time that encouraging private funding is essential ? Explain.

## Section—B

**Note :** *Answer any four questions from this Section in about **350** words each.*

4×12=48

5. How is the health status of a country measured ? Define Self-Assessed Health Status (SAHS). What are its advantages and disadvantages ?

6. What is meant by Socio-Economic Status (SES) ? Explain how concentration curve (CC) can be used to measure health inequality.

7. How is health an investment good ? What are the factors that determine the health stock of a person ?

8. Explain the indicators which help to evaluate the healthcare financing system of a country.

9. What do you understand by the term vicious cycle of poor health and morbidity and suggest measures to break it.

10. "It is not only the quantity but quality of education play a crucial role in fostering the economic growth of a country." Explain.

11. What do you mean by human capital formation ? Why is it particularly important to invest in human capital in a developing economy ?

## Section—C

12. Write short notes on any *two* of the following in about **100-150** words each : 2×6=12

    (a) Third Degree Price Discrimination

    (b) Randomized Evaluation

    (c) Indicators of School Quality

    (d) Coaching Industry

# BECE–141

## कला स्नातक (आनर्स) अर्थशास्त्र

## (बी. ए. ई. सी. एच.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.ई.सी.ई.–141 : स्वास्थ्य एवं शिक्षा का अर्थशास्त्र

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *सभी खण्डों से प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।*

---

### खण्ड—अ

***नोट :*** *इस खण्ड से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **600** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 2×20=40

1. 'चिकित्सा विज्ञान' की दृष्टि से स्वास्थ्य को कैसे परिभाषित किया जाता है ? अर्थशास्त्र विज्ञान की दृष्टि से यह कैसे भिन्न है ? स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में सम्मिलित अभिकर्ता की पहचान कीजिए।

2. बाजार दक्षता की व्याख्या कीजिए। क्या स्वास्थ्य सेवा बाजार अपूर्ण है ? कारण बताइए। स्वास्थ्य सेवा बाजार की सेवाओं में किस प्रकार के अन्तर मौजूद हैं ?

3. स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के संदर्भ में हिक्सियन विश्लेषण की स्थितियों को बताइए। वे कौन–कौन से प्रमुख कारक हैं जो स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की माँग को प्रभावित करते हैं ? स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की माँग को फजी माँग (Fuzzy Demand) क्यों कहा जाता है ?

4. उच्च शिक्षा के लिए सार्वजनिक वित्तपोषण को आवश्यक क्यों माना जाता है ? साथ ही यह भी क्यों कहा जाता है कि निजी वित्तपोषण को प्रभावित करना आवश्यक है ? समझाइए।

## खण्ड—ब

***नोट :*** *इस खण्ड से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***350*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 4×12=48

5. देश की स्वास्थ्य स्थिति कैसे मापी जाती है ? स्वतः मूल्यांकित स्वास्थ्य स्थिति (Self Assessed Health Status—SAHS) को परिभाषित कीजिए। इसके क्या लाभ और हानि हैं ?

6. सामाजिक-आर्थिक स्थिति (Socio-Economic Status—SES) से आप क्या समझते हैं ? स्वास्थ्य असमानता के मापन हेतु संकेन्द्रण वक्र को किस प्रकार प्रयुक्त किया जाता है ? व्याख्या कीजिए।

7. स्वास्थ्य किस प्रकार एक निवेश वस्तु है ? वे कौन-से कारक हैं, जो किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य को निर्धारित करते हैं ?

8. किसी देश की स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण प्रणाली के आंकलन के लिए कौन–कौन से संकेतक होते हैं ? समझाइए।

9. खराब स्वास्थ्य और रोगों के दुष्चक्र से क्या आशय है ? इसे समाप्त करने के लिए आप कौन–से उपायों का सुझाव देना चाहेंगे ?

10. देश की आर्थिक वृद्धि में बढ़ावा देने में केवल शिक्षा की मात्रा ही नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्याख्या कीजिए।

11. 'मानव पूँजी निर्माण' (Human Capital Formation) से आपका क्या तात्पर्य है ? विकासशील अर्थव्यवस्था में मानव पूँजी में निवेश करना क्यों महत्वपूर्ण है ?

## खण्ड—स

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ (100–150 शब्दों में) लिखिए : 2×6=12

(अ) तृतीय स्तरीय कीमत भेदभाव (Third Degree Price Discrimination)

(ब) यादृच्छिक मूल्यांकन (Randomised Evaluation)

(स) स्कूल गुणवत्ता के संकेतक (Indicators of School Quality)

(द) कोचिंग उद्योग (Coaching Industry)

× × × × ×